आईटी क्विज में स्कूली बच्चों की भागीदारी

टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज़ (टीसीएस) द्वारा आयोजित आईटी क्विज 2010 के दिल्ली एडिशन में प्रतिभागियों की जोरदार भागीदारी देखी गई। स्कूली छात्रों के लिए आयोजित की जाने वाली इस क्विज के पहले राउंड में दिल्ली, नोएडा, गुड़गांव के स्कूलों के 1400 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। क्विज का आयोजन आईआईटी दिल्ली के डोगरा हाल में किया गया।

प्राथमिक और क्विजिंग के रोमांचकारी दौर के बाद न्यू एरा पब्लिक स्कूल, मायापुरी के प्रेम पाल सिंह और अंशुल ने विजेता का खिताब जीता और ट्राफी हासिल की। दूसरे स्थान पर दिल्ली पब्लिक स्कूल, नोएडा के अभिषेक गुप्ता और मिर्णाल मोहित रहे। प्रत्येक

विजेता को थिंकपैड और लैपटाप दिया गया। इस क्विज में इंटरनेट, वेबसाइटों, आईटी बजवर्ड और एक्रोनिम, आईटी पर्सनेलिया, अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, स्थानीय, आईटी केंद्रित विज्ञापन और संचार कंपनियों, साफ्टवेयर उत्पादों एवं ब्रांड्स आदि में आईटी एप्लीकेशनों तथा आईटी के इतिहास और



आईटी के हास्य पक्ष पर केंद्रित है। इस क्विज में 8वीं से 12वीं कक्षा (पीयू छात्रों सहित) तक के छात्र हिस्सा ले सकते थे। गौरतलब है कि आईटी क्विज के रीजनल राउंड के मुकाबले हैदराबाद, अहमदाबाद, बैंगलुरु, चेन्नई, कोयंबटूर, पुणे, कोलकाता, भुवनेश्वर, कोच्चि, लखनऊ में आयोजित किए गए। दिल्ली और मुंबई एडिशन के बाद 12 रीजनल विजेता 18 दिसंबर को चेन्नई में आयोजित होने वाले आईटी क्विज के नेशनल फाइनल में भाग लेंगे। ● फीडे